# डीएपी खाद की समस्या को लेकर कांग्रेस का हल्लाबोल

**खास बातें**

- किसानों को पर्याप्त डीएपी खाद उपलब्ध कराने की मांग
- ज्ञापन लेने अधिकारियों के देरी से आने पर भड़के कांग्रेसी



**नवभारत न्यूज**

**सिरोंज 5 जून, किसानों को पर्याप्त डीएपी खाद उपलब्ध नहीं होने एवं टोकन वितरण व्यवस्था में आ रहीं परेशानियों को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सिरोंज के तत्वाधान में शुक्रवार को कांग्रेसियों ने प्रदर्शन कर महामहिम राज्यपाल के नाम तहसीलदार को एक ज्ञापन सौंपा. इस मौके पर उन्होंने किसानों को पर्याप्त डीएपी खाद उपलब्ध कराने एवं टोकन वितरण व्यवस्था को सरल व सुचारु बनाने की मांग की.**

किसानों की डीएपी खाद की समस्या को लेकर शुक्रवार को बड़ी तादाद में कांग्रेसी तहसील रोड पर एकत्रित होकर नारेबाजी करते हुए तहसील कार्यालय पहुंचे. इस दौरान उन्होंने किसानों की समस्याएं बताते हुए उनके निराकरण की मांग की. उन्होंने कहा कि वर्तमान में किसानों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन उनकी समस्याओं की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है. उन्होंने कहा कि पूर्व में किसान अपनी उपज को तुलवाने के लिए लाईन में लगा था. वहीं अब किसानों को बैंको में पर्याप्त पैसा नहीं मिल रहा है. जिससे किसान परेशान हो रहे है. वर्तमान में किसानों को खाद के लिए घंटों लाइन में लगना पड़ रहा है, इसके बावजूद उन्हें पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध नहीं हो रही है. टोकन व्यवस्था भी पूरी तरह से विफल साबित हो रही है. जिससे किसानों को आर्थिक एवं मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. इस मौके पर कांग्रेसियों ने महामहिम राज्यपाल के नाम तहसीलदार संजय चौरसिया को एक ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन का वाचन सिरोंज ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश यादव ने किया. ज्ञापन में उन्होंने कहा कि कृषि कार्यों के दौरान क्षेत्र के किसानों को खाद प्राप्त करने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है. खाद वितरण केंद्रों पर लंबी कतारें लग रही हैं तथा टोकन व्यवस्था अत्याधिक जटिल होने के कारण किसानों को कई दिनों तक प्रतीक्षा करनी पड़ रही है. जिससे किसानों का समय एवं आर्थिक संसाधन दोनों प्रभावित हो रहे हैं. उन्होंने किसानों की समस्याएं बताते हुए कहा कि डीएपी खाद की पर्याप्त उपलब्धता नहीं होने से किसानों को बार-बार केंद्रों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं. टोकन वितरण प्रक्रिया जटिल एवं अव्यवस्थित होने के कारण किसानों को अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले किसानों को घंटों इंतजार करना पड़ता है. डीएपी खाद समय पर नहीं मिलने से फसलों की बुवाई एवं कृषि कार्य प्रभावित हो रहे हैं. उन्होंने क्षेत्र के सभी खाद वितरण केंद्रों पर पर्याप्त मात्रा में डीएपी खाद उपलब्ध कराने, टोकन वितरण व्यवस्था को सरल, पारदर्शी एवं किसान हितैषी बनाने, किसानों की सुविधा हेतु अतिरिक्त काउंटर एवं पर्याप्त कर्मचारियों की व्यवस्था कराने, खाद वितरण प्रक्रिया की नियमित निगरानी कर अव्यवस्थाओं पर रोक लगाने की मांग की.

इस मौके पर गगनेंद्र रघुवंशी, अशोक यादव, विनोद सेन, अवध शर्मा, कमल सिंह यादव, पहलवान सिंह बघेल अंसार खान, कल्याण सिंह यादव, सादिक कुरैशी, अर्जुन राजपूत, गजराज सिंह राजपूत, सैफू गौरी, सुभान, इरशाद गौरी, रमेश जादौन, सुनील धाकड़, जयमंडल यादव, जितेंद्र बघेल, रामदयाल विश्वकर्मा, गजेंद्र, प्रसेंद्र, नथन सिंह, राजेंद्र, वकील, आसिम खान, अरविंद नगीना, सुशीला, अजहर सहित बड़ी तादाद में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे.

### किसानों की समस्याओं का शीघ्र निराकरण ना होने पर करेंगे भूख हड़ताल

इस मौके पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सिरोंज के अध्यक्ष सुरेश यादव ने कहा कि क्षेत्र में किसान परेशान हो रहे हैं. लेकिन उनकी समस्याओं का निराकरण नहीं हो रहा है. उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि क्षेत्र के किसानों की समस्याओं का शीघ्र निराकरण नहीं किया जाता है, तो आगामी दिनों में किसानों की समस्याओं को लेकर वह कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ भूख हड़ताल पर बैठेंगे.

### ज्ञापन लेने अधिकारियों के देरी से आने पर भड़के कांग्रेसी

इस दौरान कांग्रेसी जब तहसील परिसर में ज्ञापन देने के लिए पहुंचे तो अधिकारियों को ज्ञापन लेने आने में कुछ मिनटों की देरी होने पर कांग्रेसी भड़क उठे. जिसके बाद कांग्रेसी वही बैठ गए और उन्होंने प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी. इसके बाद तहसीलदार मौके पर पहुंचे तथा उन्होंने कांग्रेसियों से ज्ञापन लिया. इस दौरान सिरोंज ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश यादव ने प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया. उन्होंने कहा कि कांग्रेस क्षेत्र के किसानों की समस्याओं को लेकर गये थे. लेकिन प्रशासन की लापरवाही से कांग्रेसियों को काफी देर तक ज्ञापन देने के लिए इंतजार करना पड़ा.

### इनका कहना है -

कृषि विभाग के एसएडीओ अनुज धाकड़ का कहना है कि किसानों के लिए टीएसपी, एनपीके खाद पर्याप्त उपलब्ध है. किसान डीएपी की मांग कर रहे हैं. फिलहाल समितियों एवं निजी दुकानों पर डीएपी की कमी है. एक-दो दिन में सिरोंज में पर्याप्त डीएपी खाद के भी आने की संभावना है.

## अघोषित बिजली कटौती से जनजीवन अस्त-व्यस्त, व्यापार पर भी असर

- गंजबासौदा में गर्मी के बीच बिजली संकट से लोग परेशान

**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा 5 जून, नगर में इन दिनों हो रही अघोषित बिजली कटौती से जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो गया है. भीषण गर्मी के बीच बार-बार बिजली गुल होने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है.**

बिजली कटौती का असर व्यापार और लघु उद्योगों पर भी साफ दिखाई दे रहा है. छोटे उद्योगों में काम करने वाले श्रमिक घंटों तक बिजली के इंतजार में बैठे रहते हैं, जिससे उत्पादन प्रभावित हो रहा है. वहीं गन्ने का रस, लस्सी और अन्य पेय पदार्थ बेचने वाले दुकानदार भी बिजली न होने से परेशान हैं.

स्थानीय लोगों का कहना है कि इस गर्मी में बिना बिजली के रातों की नींद भी हराम हो गई है. बाहर निकलने पर लू का खतरा और घरों में पंखे-कूलर बंद रहने से स्थिति और भी कठिन हो गई है.नगर में कई जगह विद्युत तार जर्जर होकर नीचे लटक रहे हैं, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है. हाल ही में पुराने मेला ग्राउंड क्षेत्र में एक युवक की ट्रांसफार्मर के पास करंट लगने से मौत होने की घटना ने लोगों में दहशत बढ़ा दी है.नागरिकों का आरोप है कि विद्युत विभाग केवल बिल वसूली पर ध्यान दे रहा है, जबकि जर्जर लाइनों और व्यवस्थाओं की ओर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जा रहा. स्मार्ट मीटरों को लेकर भी लोगों में नाराजगी है, जिनकी जांच और पारदर्शिता पर सवाल उठाए जा रहे हैं.

लोगों का कहना है कि बिजली बिल बढ़ाकर भेजे जा रहे हैं और शिकायत करने पर पहले भुगतान करने की बात कही जाती है, जिससे उपभोक्ता परेशान हैं.विधायक हरि सिंह रघुवंशी द्वारा कई बार विभागीय अधिकारियों को फटकार लगाए जाने और मीटर रीडिंग से जुड़ी शिकायतों पर कार्रवाई के निर्देश देने के बावजूद स्थिति में कोई खास सुधार नहीं हुआ है.बताया जा रहा है कि बरसात से पहले मेंटेनेंस के नाम पर लाखों रुपये खर्च किए गए, लेकिन जमीनी स्तर पर सुधार दिखाई नहीं दे रहा है, जिससे नगर में असंतोष व्याप्त है.


**आवश्यक सूचना**

**मौन**

नि:शुल्क शव वाहन चलाने वाले विकास पचौरी जी फिलहाल मौन साधना कर रहे हैं.

इसलिए शव वाहन की आवश्यकता होने पर कृपया फोन करके सूचना न देते हुए शेरपुरा विदिशा स्थित विकास पचौरी रेडियो स्टेशन आकर रजिस्टर में जानकारी नोट करने की कृपा करें.

ब्लड की आवश्यकता होने पर www.vikaspachori.in वेबसाइट पर रक्तदाताओं की लिस्ट देखने का कष्ट करें.




## जर्जर सड़कों के विरोध में कांग्रेस का दुर्घटना देव पूजन कार्यक्रम

**ग्यारसपुर, इंदरवास एवं पंचायत स्तर पर हुआ जन-जागरुकता अभियान**

**नवभारत न्यूज**

**ग्यारसपुर. जनता की जान से खिलवाड़ कर रही जर्जर सड़कों, जानलेवा गड्ढों एवं कथित सरकारी लापरवाही के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी विदिशा के आह्वान पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ग्यारसपुर द्वारा विशेष जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया.**

इस दौरान ग्यारसपुर, मंडल इंदरवास एवं पंचायत स्तर पर दुर्घटना देव पूजन कार्यक्रम के तहत सड़क पर बने खतरनाक गड्ढों की प्रतीकात्मक पूजा-अर्चना कर विरोध दर्ज कराया गया. कार्यक्रम के माध्यम से प्रदेश की खराब सड़क व्यवस्था के खिलाफ जन-जागरण अभियान चलाया गया और आमजन की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया.

कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ग्यारसपुर के अध्यक्ष अरविंद सिंह राजपूत, जिला सदस्य कुमारी दीक्षा लोधी, जनपद उपाध्यक्ष श्रीमती प्रीति शंकरदयाल शर्मा, वरिष्ठ कांग्रेसजन जीवनलाल शर्मा, खूबसिंह लोधी, धीरज सिंह, माधो जी, अनीश खान, जनपद सदस्य जगन्नाथ अहिरवार, जिला अनुसूचित जाति कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष हुकुम कुशवाहा, मंडलम अध्यक्ष हुकुम कुशवाहा, ग्यारसपुर पंचायत अध्यक्ष हरेंद्र यादव, इंदरवास मंडलम अध्यक्ष दीपेश दांगी, ओलिंजा पंचायत अध्यक्ष महेंद्र सिंह सहित कई कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे.कार्यक्रम के दौरान उपस्थित नेताओं ने कहा कि क्षेत्र की सड़कों की बदहाल स्थिति से आमजन को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है और दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बढ़ रहा है. उन्होंने शीघ्र सुधार कार्य कराए जाने की मांग की.

### खाद के साथ टैगिंग देने पर किसान ने की शिकायत

**नवभारत न्यूज**

**सिरोंज,** क्षेत्र के एक किसान ने कृषि विभाग को शिकायत कर एक निजी दुकानदार पर खाद के साथ जबरन टैगिंग अन्य उत्पाद देने का आरोप लगाया है. किसान ने आरोप लगाया कि उसको दुकानदार द्वारा खाद के साथ जबरन टैगिंग बैग दी गई. जबकि किसानों को उनकी मर्जी के बिना खाद के साथ जबरन अन्य उत्पाद नही देने के निर्देश है. किसान का आरोप है कि दुकानदार ने खाद के साथ टैगिंग बैग नहीं लेने पर खाद नहीं देने की बात कही गई. किसान ने इसकी शिकायत कृषि विभाग के अधिकारियों से की. मामले की जानकारी मिलने पर कृषि विभाग के एसएडीओ अनुज धाकड़ मौके पर पहुंचे. इस संबंध में कृषि विभाग के एसएडीओ अनुज धाकड़ ने बताया कि एक किसान ने एक निजी दुकानदार पर खाद के साथ जबरन टैगिंग बैग देने का आरोप लगाते हुए शिकायत की है.

## तेज आंधी से गिरे बिजली के खंभे, 32 फीडरों की सप्लाई बाधित

- कुरवाई में रात-दिन चला सुधार अभियान
- जल प्रदाय भी हुआ प्रभावित

**नवभारत न्यूज**

**कुरवाई, विगत बुधवार रात आई तेज आंधी के कारण कुरवाई क्षेत्र में बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई.मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अंतर्गत संचालित 32 फीडरों की बिजली सप्लाय बाधित हो गई, जिससे अनेक ग्रामों और नगर क्षेत्रों में अंधेरा छा गया.**

आंधी के दौरान कई स्थानों पर बिजली के खंभे गिर गए, जबकि कुछ ट्रांसफार्मर और लाइनें भी क्षतिग्रस्त हो गईं.ग्राम पैराखेड़ी में एक ट्रांसफार्मर और लगभग 7 खंभे टूटकर गिर गए.कुरवाई बीना रोड पर एक खंभा तेज हवाओं के कारण गिरने की कगार पर पहुंचकर गिर पड़ा. इसके अलावा नगर कुरवाई की जल प्रदाय योजना के इंटेकवेल की ओर जाने वाली बिजली लाइन के तार पूरी तरह टूट जाने से जल आपूर्ति भी प्रभावित हुई.बिजली आपूर्ति ठप होने के बाद कंपनी के कर्मचारियों ने रात-दिन सुधार अभियान चलाया. सहायक प्रबंधक मदन अहिरवार के नेतृत्व में उपलब्ध आउटसोर्स कर्मचारियों को एकत्र कर क्षतिग्रस्त लाइनों की मरम्मत और खंभों को पुन: खड़ा करने का कार्य तेजी से शुरू किया गया. रातभर की मेहनत के बाद बुधवार रात ही नगर क्षेत्र में आंशिक रूप से बिजली बहाल कर दी गई, जबकि इंटेकवेल की लाइन को अगले दिन जोड़ा जा सका.अधिकारियों के अनुसार क्षेत्र में 32 फीडर संचालित हैं, जिनमें सीमित संख्या में ही आउटसोर्स कर्मचारी उपलब्ध हैं, जिससे सुधार कार्य में कठिनाई आई. फिर भी लगातार प्रयासों के बाद गुरुवार तक अधिकांश फीडरों की बिजली आपूर्ति सामान्य कर दी गई.

स्थानीय नागरिकों खलीलबाबू और रामप्रसाद अहिरवार ने बताया कि शुक्रवार दोपहर तक भी कई क्षेत्रों में बिजली बाधित रही, जिससे गर्मी के मौसम में लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा. उन्होंने मांग की कि पुरानी और जर्जर लाइनों को तत्काल बदला जाए, ताकि बार-बार होने वाली बिजली कटौती से राहत मिल सके.कंपनी अधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र में पुरानी खंभों और तारों को बदलने तथा केबल लाइन बिछाने का कार्य तेजी से शुरू किया जा रहा है, ताकि भविष्य में ऐसी समस्या से बचा जा सके.

### क्षतिग्रस्त खंभे सुधार व्यवस्था कर दी बहाल-सहायक प्रबंधक

इस संबंध में मदन अहिरवार, सहायक प्रबंधक, विद्युत वितरण कंपनी, कुरवाई का कहना है कि तेज आंधी और बारिश के कारण कई स्थानों पर खंभे और तार क्षतिग्रस्त हो गए थे, जिन्हें सुधारकर अधिकांश जगह बिजली सप्लाय बहाल कर दी गई है. शेष कार्य भी शीघ्र पूरा कर लिया जाएगा.


**कार्यालय पटवारी हल्का नंबर 42 ग्राम खाईखेड़ा रा. नि. म. नटेरन तहसील नटेरन, जिला विदिशा**

दिनांक- 05/06/2026 स्थान- खाइखेड़ा

**:: सूचना पत्र ::**

सूचनार्थ प्रति,
**आवेदक श्री जगदीश पुत्र चिरोंजीलाल आदि**

अखिलेश पुत्र शादीलाल, महेश पुत्र शादीलाल, दिनेश पुत्र शादीलाल, योगेश पुत्र शादीलाल, रमेश पुत्र शादीलाल, सुशीला बेबा शादीलाल, गणेश राम पुत्र शादीलाल, ममता पुत्री शादीलाल, रामकली पुत्री शादीलाल, राजकुमार पुत्र हल्कूराम, शिव कुमार पुत्र हल्कूराम, राजकुमारी पुत्री हल्कूराम, नर्वदाप्रसाद पुत्र भीकम सिंह, सावित्रीबाई पुत्री भीकम सिंह, राधाबाई पुत्री भीकम सिंह, रामश्री बाई पुत्री भीकम सिंह, सौदान बाई पुत्री हरप्रसाद, प्रदीप पुत्र बद्रीप्रसाद, रामकरण पुत्र बद्रीप्रसाद, ओमप्रकाश पुत्र बद्रीप्रसाद, श्याम बाई पुत्री बद्रीप्रसाद, उषा बाई पुत्री बद्रीप्रसाद, रानी बाई पुत्री बद्रीप्रसाद, कामताप्रसाद पुत्र गुलाबचंद, कमलेश पुत्र गुलाबचंद, हरिनारायण पुत्र हरबक्शी, बद्रीप्रसाद पुत्र मर्दन सिंह, गिरिराज किशोरी पत्नी गौरीशंकर

एतद द्वारा सूचित किया जाता है माननीय न्यायालय तहसीलदार प्रकरण क्रमांक 0217/अ-12/26-27 के पालन में सर्वे क्रमांक 61/3 रकवा 0.137 हेक्टर भूमि का आवेदक श्री जगदीश पुत्र चिरंजी लाल का ग्राम खाईखेड़ा पटवारी हल्का नंवर 42 तहसील नटेरन स्थित कृषि भूमि का सीमांकन गठित सीमांकन दल के द्वारा दिनांक-08/06/2026 को किया जाना नियत है उपरोक्त सभी मेडिया कृषक सूचित हो तथा सीमांकन के लिए नियत तिथि पर मौके पर उपस्थित रहे अनुपस्थित की दशा में सीमांकन कर प्रतिवेदन श्रीमान तहसीलदार महोदय को पेश कर दिया जाएगा।

**लेखन सिंह लोधी**
पटवारी प.ह. न. 42 तहसील नटेरन
जिला विदिशा


## ग्राम पंचायत त्योंदा में मनाया गया विश्व पर्यावरण दिवस

**नवभारत न्यूज**

**त्योंदा. ग्राम पंचायत त्योंदा में आज विश्व पर्यावरण दिवस बड़े उत्साह और जनभागीदारी के साथ मनाया गया. इस अवसर पर गांव के मंदिर प्रांगण में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया.**

कार्यक्रम की शुरुआत मंदिर प्रांगण में पूजा-अर्चना के साथ हुई. इसके बाद सभी अतिथियों एवं ग्रामीणों ने मिलकर पौधरोपण किया. इस दौरान सरपंच प्रतिनिधि राहुल, ग्राम पंचायत सचिव कोमल प्रसाद विश्वकर्मा, रविन्द्र रघुवंशी, वलराम कुशवाहा तथा मंदिर के संत महात्मा सोनू साहू विशेष रूप से उपस्थित रहे. इसके अलावा बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भी सहभागिता की.कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि पेड़ हमें ऑक्सीजन प्रदान करते हैं और पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं.



## सिक्के व छोटे नोटों की कमी से बाजार में परेशानी, गुलाबगंज में व्यापार प्रभावित

**नवभारत न्यूज**


**गुलाबगंज. नगर के गुलाबगंज बाजार में 10 और 20 रुपये के सिक्के एवं छोटे नोटों की कमी के कारण व्यापारियों और ग्राहकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. स्थिति यह है कि बैंक में भी छोटे नोट और सिक्के उपलब्ध नहीं होने से समस्या और बढ़ गई है.**

छोटे नोटों की कमी के कारण रोजमर्रा के लेन-देन में दिक्कत आ रही है और कई बार खरीदारी के दौरान ग्राहकों व दुकानदारों के बीच असुविधा की स्थिति बन रही है. इससे स्थानीय व्यापार पर भी असर पड़ रहा है.व्यापारियों का कहना है कि छोटे नोटों और सिक्कों की अनुपलब्धता के कारण बाजार में नकद लेन-देन प्रभावित हो रहा है, जिससे कारोबार की गति धीमी हो गई है.ग्राहकों का कहना है कि बैंक में भी सिक्के न मिलने से उन्हें खुले पैसे की समस्या बनी रहती है, जिससे छोटे-मोटे लेन-देन में परेशानी होती है.स्थानीय लोगों ने मांग की है कि बैंक और संबंधित विभाग इस समस्या पर ध्यान दें.

## किसानों ने बताई खाद नहीं मिलने की समस्या

**नवभारत न्यूज**

**सिरोंज,** क्षेत्र के ग्राम झण्डवा के किसानों ने अनुविभागीय अधिकारी के नाम तहसीलदार संजय चौरसिया को एक ज्ञापन दिया. जिसमें उन्होंने खाद नहीं मिलने की परेशानी से अवगत कराते हुए समस्या का निराकरण कराने की मांग की. इस दौरान उन्होंने कहा कि किसानों को खाद के लिये ई-कूपन जनरेट होने के बाद भी मुगलसराय सोसायटी द्वारा खाद नहीं दिया जा रहा है. किसानों के खाद का उर्वरक कूपन की अवधि समाप्त हो गई है. ऑनलाइन साइट नहीं चलने से किसानों ने मुश्किल से ई-कूपन जनरेट कराया था. फिर निश्चित अवधि में किसान मुगलसराय सोसायटी के झण्डवा गोदाम पर खाद लेने गये थे. उन्होंने किसानों को खाद नहीं देने का आरोप लगाया. उन्होंने कहा कि अब उनके कूपन की अवधि समाप्त हो गई है. उन्होंने किसानों के पुराने कूपन पर ही खाद दिलाये जाने की मांग की.



## विश्व पर्यावरण दिवस पर महिला मंडल ने दिया संदेश, बांटे पक्षियों के लिए सकोरे

- पंचतत्व संरक्षण समिति की पहल वार्ड 6 में हुआ आयोजन

**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा.** विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में नगर की पंचतत्व संरक्षण समिति की महिला सदस्यों द्वारा पर्यावरण संरक्षण और जीव-दया को लेकर सराहनीय पहल की गई. समिति की महिला विंग ने गर्मी को देखते हुए प्यासे पक्षियों के लिए सकोरे (जलपात्र) वितरित किए और आमजन को नियमित रूप से पानी भरने का संकल्प दिलाया.वार्ड नंबर 6 में इस अभियान की शुरुआत समिति की सक्रिय सदस्य रानू सिंह और नीता सिंह के नेतृत्व में की गई. इस दौरान महिलाओं ने घर-घर जाकर सकोरे भेंट किए और लोगों को पक्षियों के संरक्षण के लिए प्रेरित किया.रानू सिंह ने कहा कि हर व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए, क्योंकि पौधे न केवल पर्यावरण को शुद्ध करते हैं बल्कि पक्षियों को आश्रय भी प्रदान करते हैं. उन्होंने बताया कि पक्षी जब फल और बीज खाते हैं तो प्राकृतिक रूप से बीजारोपण करते हैं, जिससे नए वन क्षेत्र विकसित होते हैं.यह सकोरे पंचतत्व संरक्षण समिति द्वारा उपलब्ध कराए गए. इस अवसर पर समिति के सचिव प्रमोद सिंह राजपूत, मुकेश सिंह, राजीव शर्मा, जितेंद्र अरोरा और मनीष जैन उपस्थित रहे और महिलाओं के इस प्रयास की सराहना की.



**तैयारी** | **धान रोपाई के लिए किसानों ने की पूरी तैयारी, बारिश का इंतजार**

## पठारी क्षेत्र में धान की नर्सरी तैयार करने में जुटे किसान

**नवभारत न्यूज**

**पठारी,नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में धान रोपाई और बीज अंकुरण की तैयारियां जोरों पर हैं.किसान अब मानसून की बारिश का इंतजार कर रहे हैं, ताकि समय पर रोपाई कार्य शुरू किया जा सके.**

किसानों के अनुसार धान की बेहतर पैदावार के लिए बीज की सही तैयारी बेहद जरूरी है.नगर के किसान अजय सिंह ठाकुर ने बताया कि धान की बुवाई से पहले बीज को साफ ठंडे पानी में लगभग 24 घंटे तक भिगोया जाता है.इसके बाद बीज का उपचार कर उसे जूट के बोरों पर 24 से 36 घंटे तक अंकुरण के लिए रखा जाता है.उन्होंने बताया कि जब बीज में अंकुरण स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगे, तब उसे सावधानीपूर्वक क्यारी में छिड़काव के लिए तैयार किया जाता है, ताकि अंकुरित बीज को किसी प्रकार की क्षति न पहुंचे. इसके बाद आवश्यकता अनुसार क्यारी में छिड़काव किया जाता है.किसानों का कहना है कि धान के पौधों की शुरुआती अवस्था में जिंक सल्फेट का छिड़काव करने से जड़ों को मजबूती मिलती है और पौधों का विकास तेजी से होता है.इससे फसल पूरी अवधि तक स्वस्थ रहती है और उत्पादन में वृद्धि होती है.किसानों ने यह भी बताया कि फसल में रासायनिक खाद के अत्यधिक उपयोग से बचना चाहिए.इसके स्थान पर गोबर खाद और वर्मी वाश का उपयोग करना भूमि और फसल दोनों के लिए लाभकारी होता है.इससे भूमि की उर्वरा शक्ति बढ़ती है और आने वाली फसलों में डीएपी और यूरिया जैसे रासायनिक खादों की आवश्यकता कम होती है, जिससे लागत में कमी और मुनाफे में वृद्धि संभव है.



### विश्व पर्यावरण दिवस पर वृक्षारोपण, गौसेवा एवं नवाचार का संदेश

**नवभारत न्यूज**

**कुरवाई.** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मेहलुआ चौराहा स्थित गोपाल गौशाला परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक हरि सिंह सप्रे, एसडीएम मनीष जैन, जनपद सीईओ आयुष अग्रवाल सहित अनेक नागरिकों ने सहभागिता करते हुए पौधारोपण किया और गौशाला में किए जा रहे नवाचारों का निरीक्षण किया.एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत उपस्थित सभी लोगों ने पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण एवं गौसंवर्धन का संकल्प लिया. इस दौरान गौशाला में लगाए गए स्प्रिंकलर नोजल कूलिंग सिस्टम ने सभी का ध्यान आकर्षित किया, जिससे गौवंश को गर्मी में राहत मिल रही है और वातावरण भी अनुकूल बना हुआ है.

## मानसून से पहले नालियों की सफाई का कार्य प्रगति पर

**नवभारत न्यूज**

**पठारी. जिले की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत पठारी में मानसून से पहले नालियों की सफाई का कार्य तेजी से किया जा रहा है. स्वच्छता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत द्वारा व्यापक सफाई अभियान चलाया जा रहा है.**

इस अभियान के तहत ग्राम की बंद पड़ी नालियों की सफाई और जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त करने का कार्य प्रगति पर है. बताया गया कि 15 जून से मध्यप्रदेश में मानसून सक्रिय होने की संभावना को देखते हुए यह कार्य प्राथमिकता से किया जा रहा है. बारिश के दौरान नालियों के जाम होने से जलभराव, गंदगी फैलने और मच्छरों के प्रकोप की स्थिति उत्पन्न होती है, जिससे मलेरिया, डेंगू जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है.स्वच्छ और व्यवस्थित जल निकासी से न केवल गंदगी की समस्या कम होती है, बल्कि बीमारियों से भी काफी हद तक बचाव संभव होता है.सरपंच राखी अखिलेश पंथी ने बताया कि पिछले 15 दिनों से लगातार विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है, जिसे एक सप्ताह के भीतर पूरा कर लिया जाएगा. उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि कचरा खुले में न फेंकें, बल्कि कचरा वाहन में ही डालें. साथ ही उन्होंने कहा कि जलभराव या नाली बंद होने की स्थिति में तत्काल ग्राम पंचायत को सूचित करें, ताकि समय पर समाधान किया जा सके.

